# FAQ
## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

# &

# 2026 आवेदन पत्र



# आवेदन करने की अंतिम तिथि क्या है?


**YCJF** आवेदन पत्र १ मार्च २०२६, २३:५९ यूटीसी तक भेजा जा सकता है।

# मुझे आवेदन पत्र कहां मिलेगा?

यहां आवेदन पत्र का लिंक है जहां आप अपनी पसंदीदा भाषा में सबमिट पर क्लिक करके सीधे आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के लिए, हमारी वेबसाइट – **https://youthclimatejusticefund.submittable.com/submit** – अरबी, अंग्रेज़ी, फ़्रांसीसी, हिंदी, पुर्तगाली, स्पेनिश, और स्वाहिली में उपलब्ध है।

# क्या आवेदन करने के लिए मुझे अकाउंट बनाने की आवश्यकता है?

जब आप आवेदन पत्र पर जाएंगे और सबमिट पर क्लिक करेंगे, तो आपसे कहा जाएगा कि आप अपने व्यक्तिगत ईमेल पते का इस्तेमाल करके, पासवर्ड बनाकर और अपना नाम व उपनाम भरकर एक सब्मिटेबल अकाउंट बनाएं।




प्रक्रिया पूरी होने के बाद, आपको सब्मिटेबल की ओर से आपके ईमेल पते की पुष्टि करने के लिए एक ईमेल प्राप्त होगा। पुष्टि के लिए लिंक पर क्लिक करें, और इसके बाद आप हमारा आवेदन पत्र भरना शुरू कर सकते हैं।

## मैंने सब्मिटेबल पर पंजीकरण किया है, लेकिन मुझे इसकी सूचना देने वाली ईमेल प्राप्त नहीं हुई?

सूचना देने वाली ईमेल प्राप्त होने में लगभग १५ मिनट तक का समय लग सकता है। कृपया अपना इनबॉक्स रीफ़्रेश करें और यह सुनिश्चित करने के लिए अपने सभी फ़ोल्डर (स्पैम/जंक, अपडेट्स आदि सहित) जांच लें कि आप ईमेल से चूक न जाएं।

## क्या मैं अपना आवेदन पत्र सेव करके बाद में पूरा कर सकता/सकती हूं?

हां। आप अपने उत्तर सेव कर सकते हैं और बाद में अपने आवेदन पत्र पर वापस आ सकते हैं। जब आप किसी नए प्रश्न का उत्तर दें, तो सेव पर क्लिक करना न भूलें। यदि आपके फ़ोन या कंप्यूटर की बैटरी कम हो रही हो, इंटरनेट डेटा समाप्त हो रहा हो, या आपको किसी ज़रूरी काम के कारण आवेदन पत्र भरना रोकना पड़े, तो बस सेव पर क्लिक करें। इसके बाद आपको अपने ईमेल पर एक लिंक प्राप्त होगा, जिसका उपयोग करके आप बाद में अपना आवेदन पत्र जारी रख सकते हैं। आवेदन पत्र पूरा करने के बाद ही सबमिट बटन पर क्लिक करें।

## आवेदन पत्र भरने में कितना समय लगता है?

आवेदन पत्र पूरा करने में लगभग **30** से **60** मिनट लग सकते हैं।

## क्या मैं अपना आवेदन पत्र ईमेल के माध्यम से सबमिट कर सकता/सकती हूं?

आवेदन पत्र सबमिट करने का अनुशंसित तरीका हमारा ऑनलाइन प्लेटफार्म है, जो यहां उपलब्ध है: **https://youthclimatejusticefund.submittable.com/submit**. यदि आवेदक ऑनलाइन आवेदन प्लेटफ़ॉर्म तक पहुंच नहीं पा रहे हैं, तो वे अपने आवेदन पत्र सबमिट करने के लिए समाधान खोजने हेतु **ask@ycjf.org** पर हमारी क्षेत्रीय समितियों से संपर्क कर सकते हैं।

## यूथ क्लाइमेट जस्टिस फंड के लिए कौन आवेदन कर सकता है?

समावेशी, बहु-आयामी तथा जलवायु परिवर्तन पर सामूहिक कार्रवाई को बढ़ावा देने वाले युवा-नेतृत्व वाले जलवायु न्याय समूह। कृपया हमारे मानदंड यहां पढ़ें: **https://ycjf.org/how-to-apply**

## क्या मेरा कानूनी रूप से पंजीकृत होना आवश्यक है?

नहीं, औपचारिक या कानूनी पंजीकरण आवश्यक नहीं है।

YCJF

## क्या कोई व्यक्तिगत रूप से इस फंड के लिए आवेदन कर सकते हैं?

हमारा उद्देश्य आंदोलन निर्माण और जमीनी स्तर के आयोजकों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इसका अर्थ है कि कोई व्यक्ति तब आवेदन कर सकता है, जब उसका कार्य किसी पहचानी गई सामूहिक पहल या जलवायु न्याय समूह का हिस्सा हो या उसे समर्थन देता हो।

## हमने अभी-अभी अपना संगठन या समूह शुरू किया है—क्या नए होने के बावजूद हम आवेदन कर सकते हैं?

हां! हर युवा-नेतृत्व वाला संगठन, समूह या सामूहिक पहल आवेदन कर सकता है, चाहे वह नया स्थापित हुआ हो या उसे कई वर्षों का अनुभव हो।

## क्या मैं एक से अधिक आवेदन पत्र सबमिट कर सकता/सकती हूं?

नहीं। आवेदनों की अधिक संख्या के कारण, हम प्रत्येक समूह, संगठन या व्यक्ति से केवल एक ही आवेदन पत्र सबमिट करने की अनुशंसा करते हैं। आप आवेदन पत्र में अपनी परियोजनाओं का विवरण दे सकते हैं।

## मेरे समूह का कोई वार्षिक बजट नहीं है। हमें क्या करना चाहिए?

आवेदन के लिए वार्षिक बजट आवश्यक नहीं है। यदि आपका समूह नया है और आपका कोई वार्षिक बजट नहीं है, तो उस प्रश्न का उत्तर देते समय 'नहीं' चुनें।

## दिए गए प्रारूप को मैं कैसे प्राप्त करूं और बजट अपलोड करूं?

आप अपना बजट अपने पसंदीदा प्रारूप में अपलोड कर सकते हैं। हमने सब्मिटेबल पर आवेदन पत्र में एक बजट प्रारूप भी उपलब्ध कराया है, जिसे आप मार्गदर्शक के रूप में उपयोग कर सकते हैं। प्रारूप डाउनलोड करें, उसे भरें, और ऑनलाइन आवेदन पत्र के बजट अनुभाग में अपलोड करें।

## सूची में अपना क्षेत्र नहीं मिल रहा है, तो मुझे क्या करना चाहिए?

क्षेत्रीय विभाजन किसी भी तरह से पूर्ण नहीं है। आप अपने सबसे नज़दीकी क्षेत्र के तहत आवेदन कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, यदि आप पश्चिमी बाल्कन क्षेत्र से हैं, तो आप यूरोप और मध्य एशिया का चयन कर सकते हैं। मार्गदर्शन के लिए कृपया इस मानचित्र को देखें।

## मुझे अपने आवेदन के परिणाम के बारे में कब पता चलेगा?

हम प्राप्त होने के साथ-साथ आवेदनों की समीक्षा करेंगे। आवेदनों की बहुत अधिक संख्या के कारण, सभी आवेदकों को **2026** के मध्य तक निर्णय की जानकारी दी जाएगी।

## मेरी परियोजना का चुनाव होता है, तो मुझे धनराशि कब प्राप्त होगी?

अनुदान पुरस्कार घोषित होने के बाद, हम प्रत्येक अनुदेयी भागीदार के साथ उनके संदर्भ और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए मिलकर काम करते हैं, ताकि धनराशि यथाशीघ्र जारी की जा सके।

## मैं अपनी परियोजना के समर्थन के लिए **YCJF** के साथ साझेदारी करना चाहता/चाहती हूं।

हमारे अनुदेयी हमारे भागीदार हैं। साझेदारी की दिशा में पहला कदम हमारे अनुदान के लिए आवेदन करना है। कृपया हमारे प्लेटफ़ॉर्म पर आवेदन करें और परियोजना विवरण के अंतर्गत अपनी साझेदारी से जुड़ी आवश्यकताओं का उल्लेख करें।

## मुझे आपकी वेबसाइट पर अपने क्षेत्र के लिए कोई क्षेत्रीय समन्वयक नहीं मिल रहा है, तो मुझे क्या करना चाहिए?

वर्तमान में हमारी **6** क्षेत्रीय समितियां हैं, जो दक्षिण एशिया, एशिया-प्रशांत, उत्तरी अमेरिका, यूरोप, उप-सहारा अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और कैरेबियन, तथा मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका के लिए जिम्मेदार हैं। यह आवश्यक नहीं है कि क्षेत्रीय समिति के सदस्य पूरे क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करें—वे उस क्षेत्र में हमारे अनुदेयी भागीदारों के साथ काम करने में सक्षम व्यक्ति होते हैं। कृपया आवेदन पत्र में दिए गए मानचित्र के माध्यम से अपने देश/क्षेत्र की पहचान करें, और हम आपकी सहायता के लिए उपयुक्त क्षेत्रीय समन्वयक नियुक्त करेंगे।

## मुझे वित्तीय सहायता की आवश्यकता नहीं है। क्या मैं क्षमता सुदृढ़ीकरण सहायता के लिए आवेदन कर सकता/सकती हूं?

यदि आपको वित्तीय सहायता की आवश्यकता नहीं है, लेकिन आप हमारे क्षमता सुदृढ़ीकरण कार्यक्रम में रुचि रखते हैं, तो जिन क्षमता क्षेत्रों को आप सुदृढ़ करना चाहते हैं उनके विवरण के साथ **ask@ycjf.org** पर ईमेल भेजें।

# YCJF के बारे में अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

## 'जलवायु और सामाजिक-पर्यावरणीय न्याय' से हमारा क्या मतलब है?

इससे हमारा मतलब है ऐसे समाधान, अभियान और परियोजनाएं, जो हाशियाकरण, शोषण और दमन से एक साथ निपटते हुए जलवायु संकट का समाधान करती हों, और समुदायों की शक्ति, समानता और न्याय को मजबूत करती हों।

## 'युवा-नेतृत्व वाला' से हमारा क्या मतलब है?

हम मानते हैं कि 'युवा' का अर्थ विभिन्न दृष्टिकोणों और संदर्भों के अनुसार अलग-अलग हो सकता है। हम मानते हैं कि 35 वर्ष से कम आयु के बड़े आयु वर्ग के युवा—जो वर्ग, जातीयता, आदिवासी पहचान, लिंग आदि के आधार पर भेदभाव या हाशियाकरण का सामना करते हैं—और कम आयु के युवा कार्यकर्ता—जो समान संरचनात्मक बाधाओं का सामना करते हैं—के बीच संतुलन बनाना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## क्षमता सुदृढ़ीकरण के माध्यम से सहकर्मी शिक्षण क्या है?

हम अपने नेटवर्क के साथ मिलकर आंदोलन निर्माण के लिए ज़रूरी कौशल—जैसे अभियान और संचार, प्रबंधन और नेतृत्व, वित्तीय साक्षरता और वित्तपोषण, प्रशासन एवं परिचालन, तथा परियोजना प्रबंधन—पर सहकर्मी शिक्षण प्रदान करते हैं।

## YCJF को वित्तपोषण कैसे प्राप्त होता है?

हमें व्यक्तियों और परोपकारी संस्थाओं से समर्थन प्राप्त होता है—न कि निजी या सूचीबद्ध कंपनियों से। हम ऐसे किसी भी स्रोत से वित्तीय सहायता स्वीकार नहीं करते, जो हमारे सिद्धांतों और मूल्यों के अनुरूप न हो

## हम $20,000 या $40,000 तक की राशि का अनुरोध कर सकते हैं, लेकिन यदि हमारे समूह को इससे अधिक वित्तीय सहायता की आवश्यकता हो, तो क्या हम फिर भी आवेदन कर सकते हैं?

इस चरण में, स्थानीय समूह केवल **$20,000** तक के लिए आवेदन कर सकते हैं, जबकि राष्ट्रीय समूह **$40,000** तक के लिए आवेदन कर सकते हैं।
यदि आपकी कुल वित्तीय आवश्यकताएं इस राशि से अधिक हैं, तो भी आप आवेदन कर सकते हैं

## हम क्षेत्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत समूह हैं। क्या हम आवेदन कर सकते हैं?

हमारा **2026** का आवेदन आमंत्रण केवल राष्ट्रीय और स्थानीय समूहों के लिए है। यदि आपका संगठन क्षेत्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर का समूह है, तो कृपया **ask@ycjf.org** पर हमें लिखें।

*कृपया ध्यान से पढ़ें और केवल तभी हमें ईमेल भेजें, जब आपके प्रश्नों का उत्तर यहां न मिला हो। कृपया ध्यान दें कि यहां या हमारी वेबसाइट पर पहले से दिए गए उत्तरों से संबंधित ईमेलों का कोई उत्तर नहीं दिया जाएगा।

# 2026 आवेदन पत्र

*कृपया सब्मिटेबल के माध्यम से सबमिट करने से पहले **2026** के आवेदन से संबंधित प्रश्नों की समीक्षा कर लें।

## अनुभाग A – पात्रता मानदंड

### क्या आपका समूह युवा-नेतृत्व वाला संगठन/सामूहिक पहल है?

हां / नहीं*

*कृपया ध्यान रखें कि यदि आपका संगठन/सामूहिक पहल युवा-नेतृत्व वाला नहीं है, तो आप हमारे अनुदान के लिए आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।

## क्या आपका समूह अनुदान प्राप्त करने के लिए आधिकारिक बैंक खाते के साथ कानूनी रूप से पंजीकृत है? (कृपया ध्यान दें कि पंजीकृत और अपंजीकृत—दोनों प्रकार के समूह YCJF के लिए आवेदन करने के पात्र हैं)

हां / नहीं

## यदि नहीं, तो क्या आपका कोई वित्तीय प्रायोजक या साझेदार संगठन है, जो चयन होने पर आपकी ओर से अनुदान प्राप्त कर सके?


हां / नहीं

## आपका समूह किस क्षेत्र में स्थित है?

(उच्च आय वाले देशों से आने वाले आवेदकों को वित्तपोषण के लिए शामिल किए जाने हेतु किसी अल्पसंख्यक या वंचित समूह से संबंधित होना चाहिए। जो समूह केवल अंतरराष्ट्रीय स्तर की गतिविधियों पर केंद्रित हैं और जिनका कोई भी समुदाय-आधारित कार्य नहीं है, वे आवेदन करने के पात्र नहीं हैं)।*

- पूर्वी एशिया और प्रशांत
- यूरोप और मध्य एशिया
- लैटिन अमेरिका और कैरेबियन
- मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका
- उत्तरी अमेरिका
- दक्षिण एशिया
- उप-सहारा अफ्रीका

कृपया अपने क्षेत्र की पहचान के लिए नीचे दिए गए मानचित्र को देखें।



# आपके समूह का नेतृत्व निम्नलिखित में से किसी श्रेणी से संबंधित है:

- आदिवासी-नेतृत्व वाला
- लैंगिक रूप से विविध व्यक्तियों द्वारा नेतृत्व वाला (जिसमें महिला-नेतृत्व, नॉन-बाइनरी नेतृत्व आदि शामिल हैं),
- LGBTQI2S+ समुदाय-नेतृत्व वाला
- अनौपचारिक श्रमिकों द्वारा नेतृत्व वाला
- चरवाहा समुदाय / युवा किसानों द्वारा नेतृत्व वाला
- रंगभेद से प्रभावित समुदाय / जातीय अल्पसंख्यक-नेतृत्व वाला
- दिव्यांग व्यक्तियों द्वारा नेतृत्व वाला
- शरणार्थी / प्रवासी / आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों द्वारा नेतृत्व वाला
- बच्चों द्वारा नेतृत्व वाला
- अन्य (यदि आपके नेतृत्व की पहचान ऊपर सूचीबद्ध नहीं है, तो कृपया अपने मुख्य नेतृत्व के बारे में अपने शब्दों में बताएं)

# आपके संगठन/समूह की पहुंच क्या है?

- स्थानीय (एक समुदाय या उप-राष्ट्रीय क्षेत्र—जैसे जिला, राज्य, प्रांत, शहर)
- राष्ट्रीय (पूरा देश—कई समुदायों और उप-राष्ट्रीय क्षेत्रों में)
- क्षेत्रीय (किसी निर्धारित क्षेत्र/उप-क्षेत्र में दो या अधिक देशों में)
- अंतरराष्ट्रीय (कई क्षेत्रों के देशों में या वैश्विक स्तर पर)

# आपके समूह में निर्णय लेने की भूमिका में शामिल लोगों की आयु क्या है?

- 19 वर्ष और उससे कम
- 20 - 24 वर्ष
- 25-29 वर्ष
- 30 - 35 वर्ष
- 35 वर्ष और उससे अधिक
- अन्य (यदि आपके समूह में विभिन्न आयु वर्गों में फैला हुआ अंतर-पीढ़ी नेतृत्व है, तो कृपया उसकी संरचना स्पष्ट करें)।

# क्या आपके समूह द्वारा सेवा प्राप्त करने वाले समुदाय का कम से कम 75% हिस्सा 35 वर्ष से कम आयु का है?

हां / नहीं

# क्या आपके समूह का कार्य नीति-निर्माताओं को जवाबदेह ठहराने पर केंद्रित है?

*इसमें (लेकिन केवल इन्हीं तक सीमित नहीं) वे अभियान और गतिविधियां शामिल हो सकती हैं, जिनका उद्देश्य नीति-निर्माताओं को उनकी जलवायु और पर्यावरण संबंधी प्रतिबद्धताओं को लागू करने के लिए प्रेरित करना या उनका समर्थन करना है।

हां / नहीं

YCJF

## क्या आपके समूह का कार्य न्यायसंगत और समान जलवायु कार्रवाई की महत्वाकांक्षा बढ़ाने पर केंद्रित है?

*इसमें (लेकिन केवल इन्हीं तक सीमित नहीं) ऐसी गतिविधियां शामिल हो सकती हैं, जो महत्वाकांक्षी आदिवासी/स्थानीय नेतृत्व वाले समाधानों को प्रस्तुत करके जलवायु और पर्यावरणीय कार्रवाई में तात्कालिकता की कमी को संबोधित करती हों, तथा ऐसे दृष्टिकोण जिन्हें सरकारों, व्यवसायों और समाज द्वारा बड़े स्तर पर अपनाया जा सके|

हां / नहीं

## क्या आपके समूह का कार्य न्यायसंगत और समान जलवायु कार्रवाई में निहित विविध नेतृत्व को विकसित करने पर केंद्रित है?

*इसमें (लेकिन केवल इन्हीं तक सीमित नहीं) ऐसी गतिविधियां शामिल हो सकती हैं, जो जलवायु कार्रवाई को आगे बढ़ाने के लिए समुदाय की शक्ति को सुदृढ़ करने हेतु व्यावहारिक तरीकों से युवा नेतृत्व का निर्माण करती हों

हां / नहीं

## क्या आपके समूह के पास वार्षिक बजट है?

हां / नहीं

## यदि हां, तो वार्षिक बजट कितना है?

- 0 - 10,000
- 10-25,000
- 25-50,000
- 50-100,000
- 100,000 और उससे अधिक

*अमेरिकी डॉलर में बजट की सीमा

YCJF

# अनुभाग B – समूह / परियोजना विवरण

यदि आप इस चरण तक पहुंच गए हैं, तो इसका अर्थ है कि आप आवेदन करने के पात्र हैं। यदि आपको अपना आवेदन पूरा करने में किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हो, तो कृपया **ask@ycjf.org** के माध्यम से हमारे क्षेत्रीय समन्वयकों से संपर्क करें।

## आपके समूह का नाम

संक्षिप्त उत्तर

## आपके समूह के कार्य का मुख्य स्थान क्या है?

संक्षिप्त उत्तर (क्षेत्रों की सूची)

## प्रस्ताव प्रस्तुतकर्ता का नाम
*आवेदन करने वाला व्यक्ति

संक्षिप्त उत्तर (प्रस्ताव प्रस्तुतकर्ता का पूरा नाम)

## समूह में प्रस्ताव प्रस्तुतकर्ता की भूमिका

संक्षिप्त उत्तर (भूमिका)

## प्रस्ताव प्रस्तुतकर्ता की जन्म तिथि

DD/MM/YYYY (दिन/माह/वर्ष)

## समूह के लिए संपर्क व्यक्ति (ईमेल / व्हाट्सऐप, सिग्नल / फोन कॉल)

संक्षिप्त उत्तर (संभव हो तो उपरोक्त सभी शामिल करें)

## आपके समूह का मुख्य उद्देश्य और रणनीतिक दृष्टि क्या है?

संक्षिप्त उत्तर (अधिकतम 100 शब्द)

## आपके समूह का मुख्य कार्य-क्षेत्र क्या है?

- जैव विविधता और प्रकृति
- परिपत्र अर्थव्यवस्था और अपशिष्ट
- अनुकूलन और लचीलापन निर्माण
- हानि और क्षति
- खाद्य और जल प्रणालियां
- शहर और शहरी परिवेश
- स्वास्थ्य और कल्याण
- ऊर्जा और न्यायसंगत ऊर्जा परिवर्तन
- प्रौद्योगिकी और नवाचार
- अन्य (यदि आपकी पहल किसी ऐसे विषय पर केंद्रित है जो ऊपर सूचीबद्ध नहीं है, तो कृपया अपने कार्य के मुख्य विषय का वर्णन अपने शब्दों में करें।)

## जिस मुख्य परियोजना/गतिविधि के लिए समूह समर्थन चाहता है, उसका संक्षेप में वर्णन करें।

विस्तृत उत्तर (उस समस्या का वर्णन करें जिसे आपने पहले पहचाना और संबोधित किया था—चाहे वह संबंधित हो या असंबंधित—और यह बताएं कि उन अनुभवों को इस अनुदान के माध्यम से कैसे और आगे विकसित किया जा सकता है।)
(अधिकतम 200 शब्द – इसमें आपके समूह की विशिष्ट गतिविधियों से लेकर पिछले वर्षों की प्राथमिकताएं तक कुछ भी शामिल हो सकता है।)

## टीम ने अब तक क्या हासिल किया है और यह अनुदान कैसे यदि कोई हों, तो आपकी मौजूदा उपलब्धियों को आगे बढ़ाएगा?

संक्षिप्त उत्तर
*संक्षेप में उस समस्या का वर्णन करें, जिसे आपने पहले पहचाना और संबोधित किया था—चाहे वह संबंधित हो या असंबंधित—और यह बताएं कि उन अनुभवों को इस अनुदान के माध्यम से कैसे और आगे विकसित किया जा सकता है।

ये पूर्व उपलब्धियां और वर्तमान परियोजना किस प्रकार से नीति-निर्माताओं को जवाबदेह ठहराने, न्यायसंगत और समान जलवायु एवं पर्यावरणीय कार्रवाई की महत्वाकांक्षा बढ़ाने, तथा समुदाय की शक्ति में निहित युवा नेतृत्व को विकसित करने संबंधी **YCJF** के उद्देश्यों के साथ संरेखित हैं?

संक्षिप्त उत्तर
*अधिकतम 100 शब्द।

आपके समूह के साथ कार्य कर रहे सभी साझेदारों या सहयोगियों की सूची दें।

संक्षिप्त उत्तर
*अधिकतम 50 शब्द।

आपका समूह न्याय, विविधता और समावेशन के सिद्धांतों को किस प्रकार अपने प्रयासों में शामिल करता है या शामिल करने की योजना रखता है जो वंचित समूहों के समर्थन पर केंद्रित हैं?

संक्षिप्त उत्तर
*अधिकतम 100

आप अपने समूह को अब से तीन वर्षों बाद किस स्थिति में देखते हैं?

संक्षिप्त उत्तर
*अधिकतम 100 शब्द।

YCJF

## आप कितनी राशि की वित्तीय सहायता का अनुरोध कर रहे हैं? (स्थानीय समूह अधिकतम **$20,000** तक और राष्ट्रीय समूह अधिकतम **$40,000** तक आवेदन कर सकते हैं।)

संक्षिप्त उत्तर

## आप इस राशि का उपयोग किस लिए करेंगे? कृपया अपना बजट अपलोड करें

कृपया इस प्रारूप को मार्गदर्शक के रूप में उपयोग करते हुए अपना बजट अपलोड करें।

## वित्तीय सहायता के अतिरिक्त आपके समूह को किन क्षमताओं और संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण की आवश्यकता है?

*इस अनुदान के अलावा हम आपको किस प्रकार से सहयोग प्रदान कर सकते हैं

संक्षिप्त उत्तर (इस अनुदान के अलावा हम आपको किस प्रकार से सहयोग प्रदान कर सकते हैं)

## आपके समूह और आपके द्वारा किए जा रहे कार्य को बेहतर ढंग से समझने के लिए;

**a.** कृपया अपने कार्य से संबंधित लिंक प्रदान करें, जैसे—**LinkedIn, Facebook, Instagram,** वेबसाइट आदि।

**b.** इसके अतिरिक्त, कृपया कोई भी प्रासंगिक दस्तावेज़ या फ़ाइलें—जैसे परियोजना रिपोर्ट, वार्षिक रिपोर्ट, प्रकाशन, विवरणात्मक नोट्स, या हाल की गतिविधियों की ऑडियो/वीडियो रिकॉर्डिंग भी प्रदान करें।

मैं **YCJF** की नीति से सहमत हूं, जिसके अंतर्गत इस आवेदन में प्रदान की गई जानकारी को **YCJF 2026** अनुदान चक्र के लिए रखा जाएगा।

☐